आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 11.11.2024 समय : 01:00 पी.एम.

000000

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने आज भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में उन्हें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।

00000

प्रदेश के सात विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे उप चुनाव के लिए आज प्रचार का अंतिम दिन है। शाम 6 बजे प्रचार अवधि समाप्त हो जायेगी। इसके बाद प्रत्याशी घर–घर जाकर जनसंपर्क कर सकेंगे। प्रचार के अंतिम दिन को देखते हुए सभी राजनेतिक दलों के वरिष्ठ नेता और पार्टी प्रत्याशी जोर शोर से प्रचार कर रहे है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का आज चौरासी और सलूंबर विधानसभा सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है। वहीं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली आज रामगढ से पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मत जुटाने के लिए कई स्थानों पर जनसंपर्क करेंगे। गौरतलब है कि दौसा, झुंझुनूं, सलूंबर, देवली–उनियारा, रामगढ़, चौरासी और खींवसर विधानसभा क्षेत्रों में उप चुनाव के तहत 13 नवंबर को मतदान होगा।

00000

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग आज से विदेश मंत्रालय के सहयोग से नई दिल्ली में छह दिन का भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग कार्यकारी क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। यह कार्यक्रम सोलह नवम्बर तक चलेगा। इस कार्यक्रम में मालदीव, नेपाल, श्रीलंका और थाइलैंड समेत आठ देशों के राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य लोग भाग ले रहे है। आयोग ने कहा है कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में मानवाधिकारों को प्रोत्साहन, संरक्षण और मजबूती देना है।
कार्यक्रम में भागीदारी कर रहे लोगों को मानवाधिकारों के संरक्षण से संबंधित विचारों और अनुभवों को साझा करने का अवसर मिलेगा।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मौलाना अबुल कलाम आज़ाद को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मौलाना आज़ाद को ज्ञान के प्रकाश और स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए याद किया जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार विकसित और सशक्त भारत के उनके दृष्टिकोण से प्रेरित है। प्रधानमंत्री ने आचार्य जेबी कृपलानी को भी उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है।एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि आचार्य कृपलानी भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक महान हस्ती थे। वे ज्ञान, अखंडता और साहस के प्रतीक थे। श्री मोदी ने कहा कि आचार्य कृपलानी लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध थे। इधर राजस्थानी और हिन्दी साहित्य के महान साहित्यकार और रचनाकार कन्हैयालाल सेटिया की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने श्रद्धाजंलि अर्पित की है। एक सोशल मीडिया संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थानी को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय है।

00000

अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर पशु मेले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। मेले में आज सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, अजमेर की ओर से मल्टीमीडिया प्रदर्शनी लगाई जायेगी। विकसित भारत 2047 विषय पर इस प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

00000

जैसलमेर में आज जिला रोजगार कार्यालय की ओर से रोजगार सहायता षिविर लगाया जा रहा हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इस दौरान बेरोजगार युवाओं को प्लेसमेन्ट एजेन्सी और कम्पनियों के माध्यम से रोजगार के अवसर प्रदान किए जायेंगे। शिविर में विभिन्न सरकारी विभागों की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जायेगी।

00000

महिलाओं की एशियाई हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी 2024 प्रतियोगिता आज से बिहार के राजगीर में शुरु हो रही है। प्रतियोगिता के आगाज के साथ ही अगले 10 दिनों तक चलने वाले महा मुकाबलों का दौर शुरू हो जाएगा। हर दिन तीन मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का पहला मैच आज जापान और कोरिया के बीच है।

00000